UPSI180044792023

न्यायालय Civil Judge Junior Division Mahmudabad, Sitapur

पीठासीन अधिकारी- (Sushri Akshita Singh), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP03730**

मूलवाद सं० Civil Suit/448/2023

Harishan Vs. Putti Lal and Others

08.12.2023

वादी द्वारा **श्री छोटेलाल वर्मा एडवोकेट** के माध्यम से वाद–पत्र बाबत **स्थाई निषेधाज्ञा** प्रस्तुत किया गया।

समस्त प्रपत्रों एवं मुंसरिम आख्या का अवलोकन किया गया।

आदेश

वाद दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को सम्मन जारी हो। वादी पैरवी करे। पत्रावली वास्ते दाखिला जवाबदावा एवं वास्ते विरचन वादबिन्दु दिनांक 10.01.2024 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

प्रार्थना–पत्र 6ग2

वादी/प्रार्थी द्वारा प्रा0 पत्र 6ग2 समर्थित शपथ–पत्र इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि नक्शा नजरी संलग्न वाद–पत्र में अक्षर अ,ब,स,द से प्रदर्शित भूमि वादी का पैतृक सहन है। इस भूमि पर वादी के मकान का दरवाजा खुलता है। वादीय भूमि वादी के मकान व खड़न्जा के मध्य स्थित भूमि है। वादी के मकान/दरवाजे से संलग्न दरवाजे सामने स्थित हैं। वादीय भूमि के पश्चिमी दक्षिणी कोने पर वादी का शौचालय बना है। प्रतिवादीगण का वादीय भूमि से कोई वास्ता–सरोकार नहीं है। प्रतिवादीगण बिना अधिकार के वादी के दरवाजे से सटाकर अपनी दीवाल उठाकर दरवाजा बन्द कर देना चाहते हैं। अतः उक्त कारणवश प्रतिवादीगण को निषेधित किया जाये।

वाद–पत्र के अभिकथनों व दाखिल नक्शा नजरी से वादीय स्थल की शिनाख्त स्थापित नहीं हो पा रही है। इसकारण इस स्तर पर मौके की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण बिना प्रतिवादी/विपक्षी को सुनवाई का अवसर दिये प्रार्थना–पत्र 6ग2 पर एकपक्षीय रूप से कोई अन्तरिम आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

आदेश

विपक्षी/प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। प्रार्थी पैरवी करे। विपक्षीगण से आपत्ति आमन्त्रित की जाय। पत्रावली वास्ते आपत्ति निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2 दिनांक 22.12.2023 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

प्रार्थना–पत्र 8ग2

प्रार्थी/वादी की ओर से प्रार्थना–पत्र 8ग2 बाबत जारी किये जाने कमीशन प्रस्तुत किया गया।

सुना प्रपत्रों का अवलोकन किया।

न्यायहित में प्रार्थना–पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। न्यायालय अमीन को कमीशन कार्य हेतु रिट जारी हो। वादी पैरवी करे। बाद पैरवी अमीन नियत तिथि तक कमीशन कार्य निष्पादित कर अपनी आख्या व पैमाईशी मानचित्र प्रस्तुत करें।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

अजय/स्टेनो

Digitally signed by Akshita Singh
Date: 2023.12.08 16:19:26 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M.
Mahmudabad, Sitapur.